# HPV से प्रतिरक्षण

(ह्यूमन पैपीलोमावायरस)

**HPV संक्रमण के कारण हुए कैंसरों से बचाव में सहायता करता है**

युवा लोगों व उनके परिवारों और संबंधियों के लिए जानकारी

immunise
your best protection

**ह्यूमन पैपीलोमावायरस (HPV) प्रतिरक्षण उस वायरस से बचने में सहायता करता है जो पुरुष और स्त्री दोनों को प्रभावित करने वाले कई कैंसर पैदा करता है।**

**HPV टीका 9–26 वर्ष की आयु के सभी लोगों के लिए निःशुल्क उपलब्ध है।**

## HPV क्या है?

- HPV एक बहुत सामान्य वायरस है जो त्वचा के अंतरंग संपर्क के माध्यम से फैलता है। अधिकांश लोग जीवन में किसी समय इससे प्रभावित हो जाते हैं।
- अधिकांश HPV संक्रमण अपने आप ठीक हो जाते हैं और कोई बड़ी समस्या पैदा नहीं करते हैं। कभी कभी वे ठीक नहीं होते हैं और उनके कारण शरीर में कोशिका परिवर्तन हो सकते हैं जिससे जीवन में आगे चलकर कैंसर हो सकता है।

## HPV से कौन से कैंसर होते हैं?

- HPV के कारण अधिकांशतः सर्वाइकल कैंसर होता है, जो गर्भाशय या बच्चादानी के निचले भाग में होने वाला कैंसर है। गर्भाशय ग्रीवा पर असामान्य कोशिकाएं पैदा हो जाती है और यदि उनकी पहचान नहीं की जाती है या उन्हें निकाला नहीं जाता है, तो उनसे कैंसर बन सकता है।
    - सर्वाइकल कैंसर के छोटे भाग से बचने के लिए ग्रीवा की नियमित स्क्रीनिंग महत्वपूर्ण है जो टीके में कवर नहीं होती है।
- HPV के कारण गले और मुंह का कैंसर हो सकता है, जो महिलाओं के मुकाबले पुरुषों में अधिक होता है। HPV के कारण गुदा, योनि, योनि मुख और लिंग का कैंसर भी हो सकता है।
- कुछ प्रकार के HPV से लैंगिक मस्से हो जाते हैं।



**लगभग 8/10 लोग**
अपने जीवन में HPV से प्रभावित होते हैं

## प्रतिरक्षण कैंसर से कैसे बचाता है?

टीके से शरीर का प्रतिरक्षी तंत्र उन HPV प्रकारों विरुद्ध अपनी खुद की होने की (रोग-प्रतिकारक) उत्पन्न करती है जिनसे कैंसर और लैंगिक मस्से होने की संभावना अधिक होती है।

यदि कोई टीकाकृत व्यक्ति HPV के संपर्क में आता है, तो उनके रक्त में मौजूद एंटीबॉडीज़ वायरस से लड़ेंगे और संक्रमित होने से उनकी रक्षा करेंगे।

आमतौर पर टीकाकरण के कई सप्ताह बाद HPV से सुरक्षा विकसित होती है।

टीके से HPV संक्रमण या कैंसर नहीं हो सकता।

## किस आयु में लोगों को HPV से प्रतिरक्षित हो जाना चाहिए?

टीका 11–12 वर्ष की आयु के बच्चों के लिए अनुशंसित है, लेकिन यह 9–26 वर्ष की आयु वाले लोगों के लिए निःशुल्क है।

- 9–14 वर्ष की आयु के लोगों को छः महीनों के अंतर पर टीके की कम से कम दो खुराक की आवश्यकता होती है।
- 15 वर्ष या उससे अधिक आयु के लोगों को छः महीनों के अंतर पर टीके की तीन खुराक की आवश्यकता होती है।

कम उम्र में दिए जाने पर टीका ज़्यादा प्रभावी रहता है, इसके दो कारण हैं।

- कम उम्र में टीकाकरण कराने वाले लोगों में संक्रमण से सुरक्षित रखने के लिए मजबूत प्रतिरक्षा प्रतिसाद होता है।
- टीका *संक्रमण से बचाता है* – उसका *उपचार* नहीं करता है। इसका अर्थ है कि जो लोग लैंगिक संपर्क के माध्यम से पहले से HPV से संक्रमित हो गए हैं, उनमें ये कम प्रभावी होता है।

अधिकांश स्कूलों में बच्चों को 8 वर्ष की आयु में ये टीका लगाया जाता है। टीका सरकारी व कुछ अन्य स्वास्थ्य केंद्रों पर भी उपलब्ध रहता है।

## टीका कितना प्रभावी है?

- यह टीका उन HPV प्रकारों के संक्रमण से बचाने में बहुत प्रभावी है जिनसे कैंसर होने की संभावना अधिक होती है।
- यह टीका लैंगिक मस्सों से बचाने में भी बहुत प्रभावी है।
- पिछले दशक में, HPV प्रतिरक्षण प्रदान करने वाले देशों में HPV से युवा लोगों में होनी वाली बीमारी की मात्रा में भारी गिरावट आयी है।
- टीके से मिलने वाली सुरक्षा दीर्घकालिक है और समय के साथ इसके समाप्त होनी की अपेक्षा नहीं है।

**हर साल न्यू ज़ीलैंड के**

**50**

**से अधिक लोगों की HPV कैंसर से मौत होती है**

## टीकाकरण कितना सुरक्षित है?

- न्यू ज़ीलैंड दिए जाने वाले किसी अन्य टीके की तरह ही HPV प्रतिरक्षण की सुरक्षा प्रोफ़ाइल उत्कृष्ट है।
- इंजेक्शन लगाए जाने वाली जगह पर दुखन और लाल निशान, दर्द या सूजन सामान्य है। बुखार, सिरदर्द, उबकाई और बेहोश होने की संभावना बहुत कम होती है।
- न के बराबर मामलों में, टीके के तुरंत बाद एक गंभीर एलर्जिक प्रतिक्रिया या ऐनफलैक्सिस हो सकता है। यदि ऐसा होता है, तो नर्स प्रभावी रूप से उपचार कर सकता है। इस कारण से, लोगों से टीकाकरण के 20 मिनट बाद तक प्रतीक्षा करने के लिए कहा जाएगा।

## किसे प्रतिरक्षित नहीं किया जाना चाहिए?

- कोई भी ऐसा व्यक्ति जिसे यीस्ट या टीके के किसी अन्य भाग से गंभीर एलर्जिक प्रतिक्रिया हुई हो, उसे टीका नहीं लगवाना चाहिए। अगर आपको संदेह है, तो कृपया अपने डॉक्टर या नर्स से बात करें।
- गर्भवती महिलाओं को टीकाकरण कराने में थोड़ा विलंब करना चाहिए, क्योंकि गर्भावस्था के दौरान टीके की सुरक्षा अभी ज्ञात नहीं है। अध्ययनों में टीकाकरण किए जाने वाली गर्भवती महिलाओं में सुरक्षा चिंता सामने नहीं आयी है।

## नेशनल इम्यूनिसेशन रजिस्टर

- प्रतिरक्षणों यानि इम्यूनिसेशन को नेशनल इम्यूनिसेशन रजिस्टर (NIR) में रिकॉर्ड किया जाता है ताकि आगे की खुराक के लिए अनुस्मारक भेजा जा सके और चिकित्सकों को ये पता चल सके कि यदि लोग GP बदल लें तो उन्हें कौन से प्रतिरक्षण दिए जाने चाहिए।
- इस जानकारी का उपयोग कैंसर दरों पर टीकाकरण प्रोग्राम के प्रभाव को जाँचने के लिए भी किया जा सकता है।

## मुझे अधिक जानकारी कहाँ से मिल सकती है?

अधिक जानकारी के लिए, अपने डॉक्टर, नर्स या स्वास्थ्य केंद्र से बात करें; **www.health.govt.nz/hpv** पर जाएँ या **0800 IMMUNE (0800 466 863)** पर फ़ोन करें।

नेशनल सर्वाइकल स्क्रीनिंग प्रोग्राम के बारे में जानकारी नेशनल स्क्रीनिंग यूनिट की वेबसाइट **www.nsu.govt.nz** पर उपलब्ध है।

This resource can be viewed at www.healthed.govt.nz. Revised December 2016.
Hindi. Code **HE2036**

immunise

your best protection

MINISTRY OF HEALTH MANATŪ HAUORA

health promotion agency

New Zealand Government